Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue pertaining to resident of forest areas in Sanjay Gandhi Nagar and Lumbni Nagar in Amravati, Maharashtra.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, हमारे क्षेत्र में एक संजय गांधी नगर और लुम्बिनी नगर है, जो फॉरेस्ट के क्षेत्र में आते हैं । वहां पिछले 70-80 सालों से दो से तीन हजार लोगों की बस्ती है । वहां पर सरकार फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को अल्टरनेट जगह देने को तैयार है । अगर इनिशिएटिव लेकर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट उस पर काम करेगी तो जल्द से जल्द उन्हें पीआर कार्ड मिलेगा तथा घरकुल योजना से लेकर प्रधान मंत्री पंत प्रधान आवास योजना जैसी जितनी भी सरकारी योजनाएं हैं उन्हें उनकी सुविधाएं मिलेंगी ।

सर, मेरा फॉरेस्ट से जुड़ा एक और प्रश्न है । फॉरेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा एशिया का थर्ड सिंगल लार्जेस्ट स्काईवॉक बनाया जा रहा है । चिखलदरा तालुका में उसका लगभग 80 परसेंट काम पूरा हो चुका है । लेकिन, फॉरेस्ट के नोडल ऑफिसर जो नागपुर में बैठते हैं, वे कहते हैं कि ये हमारे फॉरेस्ट से ऊपर जा रहा है । ऊपर जाने की वजह आपको उसकी बहुत सारी फॉर्मेलिटीज पूरी करनी होंगी । उसमें 70 टक्के काम हो चुका है । उसमें सरकार के पैसे लग चुके हैं और वे कहते हैं कि आप उसके ऊपर से स्काईवॉक लेकर नहीं जा सकते हैं । ऐसे तो जितनी भी फ्लाइट्स छूटती हैं, उन सबको बंद कर देना चाहिए ।

मैं आपके माध्यम से फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से विनती करती हूं कि जल्द से जल्द उसका काम पूरा किया जाए, क्योंकि उसमें सरकार के पैसे लगे हैं । उससे वहां टूरिज्म बढ़ेगा और मेरे क्षेत्र के आदिवासी लोगों को बहुत सारा रोजगार मिलेगा । धन्यवाद ।